हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025



# व्रतियों ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सोमवार को व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर अपने परिवार के सूख समृद्धि की कामना के साथ छठी मइया की पूजा-अर्चना की। रविवार की शाम से 36 घंटे का निर्जला व्रत रखने वाली व्रती महिलाएं सोमवार की शाम पूजन सामग्री के साथ केलो नदी स्थित छठ घाट पहुंची, जहां उन्होंने विधि विधान के साथ छठ माता पूजा अर्चना की और डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। महिलाओं ने छठ माता को गन्ना, फल, फूल और मिष्ठान आदि अर्पित किए।

इस दौरान उन्होंने अपने पुत्रों और पतियों की लंबी उम्र तथा परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। परिवार के लोग भी पूजन सामग्री लेकर महिलाओं के साथ मौजूद रहे। छठ पूजा से पहले ही केलो नदी खर्राघाट, कयाघाट सहित आदि घाट को रंग-रोगन कर आकर्षक रूप से सजाया गया था। विद्युत रोशनी से घाट जगमग कर रहा था। छठ पूजा के दौरान घाट पर छठ गीतों पर जागरण का भी आयोजन किया गया, जिससे भक्तिमय माहौल बन गया।

### जमकर हुई आतिशबाजी

छठ घाट में एक ओर जहां पूजा-पाठ का दौर चलता रहा तो वहीं बाजे-गाजे के साथ जमकर आतिशबाजी भी की गई। इस दौरान बच्चे और युवा आकर्षक पटाखों की रोशन और गूंज के साथ पर्व मनाते नजर आए। इतना ही नहीं पर्व को लेकर छठ घाटों व रास्तों पर पुलिस की चुस्त दुरूस्त व्यवस्था देखी गई। जिनके द्वारा जहां एक ओर ट्रैफिक व्यवस्था संभाला जा रहा था तो दूसरी ओर असामाजिक तत्वों पर निगाह रखी जा रही थी। मंगलवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही महिलाएं अपना उपवास तोड़ेंगी।



## छठ का पहला अर्घ्यः आस्था की लहरों में डूबा शहर



**राउरकेला।** सूर्य उपासना और लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का पहला अर्घ्य सोमवार की शाम राउरकेला में श्रद्धा और उल्लास के माहौल में सम्पन्न हुआ। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पण करने के लिए शहर और आसपास के क्षेत्रों में डेढ़ दर्जन घाटों और आधा दर्जन तालाबों पर दो लाख से अधिक श्रद्धालु उमड़ पड़े। ब्राह्मणी, कोयल और शंख नदी के तटों पर साथ ही बालू घाट, रूपटोला घाट, आदित्य घाट, सेक्टर 16 घाट, वेदव्यास, जमुना ढीपा, गोपबंधुपाली और बंडामुंडा तालाबों पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ रही। व्रतधारी महिलाओं और पुरुषों ने 36 घंटे के कठिन निर्जला उपवास के बाद ठंडे जल में खड़े होकर सूर्य देवता को फल फूल, सुपए दऊरा और ठेकुआ से अर्घ्य अर्पित किया। सूर्यास्त के समय छठी मैया के जयकारे और सूर्य भगवान की जय के गगनभेदी नारे से संपूर्ण वातावरण गूंज उठा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर वर्ग के लोगों में भक्ति की अभूतपूर्व भावना दिखाई दी। राउरकेला महानगर निगम और स्थानीय प्रशासन ने घाटों की स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की, वहीं राउरकेला पुलिस ने सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया। कई सामाजिक संगठनों ने घाटों पर सेवा केंद्र लगाकर श्रद्धालुओं की सहायता की। यह पहला अर्घ्य न केवल सूर्य उपासना का प्रारंभ है, बल्कि समृद्धि स्वास्थ्य और जीवन की पवित्रता की कामना का प्रतीक भी है। मंगलवार की प्रातःकालीन बेला में श्रद्धालु उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर 36 घंटे का उपवास पारण करेंगे, जिसके साथ ही चार दिवसीय लोक आस्था का यह महापर्व छठ सम्पन्न होगा।

## खेत में लगी धान की फसल सरकारी रिकार्ड से गायब, दिखा रहा शून्य

### नावापाली गांव के किसानों का धान के बदले दिखा रहा अन्य फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खेत में लगी धान की फसल सरकारी रिकार्ड से गायब हो गया है। उसके बदले में अन्य फसल दिखा रहा है। इसका खुलासा तब हुआ जब गिरदावरी के बाद किसानों ने इसकी जांच कराई। जानकारी के बाद किसानों को सदमा सा लग गया है।

कारण कर्ज लेकर किसानों ने खेती किया है। यदि धान की फसल गिरदावरी में दर्ज नहीं हुआ तो किसान बरबाद हो जाएंगे। याने समर्थन मूल्य में धान बिक्री नहीं कर पाएंगे। हालांकि सुधार के लिए किसान पटवारी को आवेदन दे रहे हैं, लेकिन सुधार होगा इसकी कोई गारंटी नहीं दे रहा है। यह शहर से लगे नावापाली गांव का मामला है। यहां के करीब 50 किसानों का इसी तरह धान फसल रिकार्ड से गायब हो गया है। यदि सुधार नहीं हुआ तो किसानों की परेशानी बढ़ सकती है। पुसौर ब्लॉक के नावापाली गांव के किसानों ने बताया कि गिरदावरी के दौरान उनके खेतों मे लगे धान फसल दर्ज किया गया था।

डीसीएस में भी धान फसल ही दर्ज था, लेकिन अभी रिकार्ड में शून्य रकबा दिखा रहा है। याने किसी के 10 खसरे में अन्य फसल दिखा रहा है तो किसी के 20-30 खसरे में । यह गड़बड़ी कहां और कैसे इसका जवाब अधिकारियों के पास भी नहीं है। दरअसल इस बार पोर्टल में एंट्री हुई है। इसमें कुछ तकनीकी खामियां होने की जानकारी मिली है। इसमें सुधार का प्रयास भी किया जा रहा है, लेकिन अब तक होने की जानकारी नहीं मिली है। अभी धान खरीदी में करीब 17 दिन का वक्त बाकी है। ऐसे में सुधार होने की उम्मीद किसानों को है।



**किसकी गलतीः** इस बार मेनूअली और डीसीएस (डिजिटल क्राप सर्वे) हुआ है। इसके लिए गांव के ही बेरोजगारों का सहारा लिया गया है। इसके लिए बाकायदा मानदेय का भुगतान भी किया गया है। अब यह साफ्टवेयर की गलती है या फिर किसी और की यह अभी सामने नहीं आया है। जो भी इस गलती का खामियाजा जिले किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

### दर्जनों गांवों में इसी तरह की गड़बड़ी

यह केवल पुसौर ब्लॉक के नावापाली गांव का ही मामला नहीं है बल्कि जिले में ऐसे दर्जनों गांवों में इसी तरह की गड़बड़ी होने की जानकारी मिली है। कुछ दिन पहले महापल्ली गांव के किसानों ने इसकी शिकायत की थी। इसके पहले भी किसानों की शिकायतें मिलती रही है। अब इस समस्या का निराकरण कैसे होगा यह कोई बता नहीं पा रहा है। जिन किसानों के खसरे में इस तरह की गड़बड़ी सामने आई है उनका टेंशन बढ़ गया है।

### 106528 हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना का लाभ

**सारंगढ़।** राज्य स्थापना के रजत वर्ष 2025 में खाद्य विभाग द्वारा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 2 लाख 22 हजार 65 राशनकार्डधारियों उनके राशन कार्ड अनुसार शासकीय उचित मूल्य की दुकान के माध्यम से सस्ते दर पर चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एक लाख 6 हजार 528 हितग्राहियों को मुफ्त रसोई गैस उपलब्ध कराया जा रहा है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 89 हजार 555 पंजीकृत कृषक से 4 लाख 65 हजार 671.32 मीटरिक टन की खरीदी की गई।

### कलेक्टर ने की नपा के कार्यों की समीक्षा

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं प्रशासक डॉ. संजय कन्नौजे ने नगरपालिका परिषद सारंगढ़ के कार्यों का विस्तारपूर्वक समीक्षा किया। कलेक्टर ने पीएम आवास शहरी योजना 2.0 का डीपीआर तैयार कर शासन को भेजने तथा स्वीकृत आवास का निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## प्रोफेसर ने की 11 लाख की ठगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डिग्री कॉलेज के हिन्दी के प्रोफेसर ने उद्यानिकी विभाग में पदस्थ महिला के साथ उसके भतीजे को पुलिस में नौकरी लगाने के नाम पर 11 लाख रुपए की ठगी कर ली। इस मामले में कुल 8 आरोपी शामिल हैं, जिनके खिलाफ चक्रधर नगर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है, वहीं दो आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।

पीड़िता अलेन किड़ो 60 वर्षद्ध छोटे अतरमुड़ा में रहती हैं और उद्यानिकी विभाग में काम करती हैं। 25 अक्टूबर को उन्होंने थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि उनके भतीजे राहुल किड़ो को छत्तीसगढ़ पुलिस में कांस्टेबल पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर आरोपियों ने उनसे लाखों रुपये की ठगी की है। रिपोर्ट के अनुसार आरोपी उत्तरा सिदार जोकि डिग्री कॉलेज में हिन्दी के प्रोफेसर हैं उन्होंने पहले 50 हजार रुपये की मांग की, जिसमें 30 हजार रुपये दिए गए। बाद में संजू यादव जोकि डिग्री कॉलेज में ही कम्प्यूटर ऑपरेटर है उसने 20 हजार रुपये लिए। दोनों ने बताया कि पैसा रायपुर निवासी विकास सिदार को देना है जो नौकरी लगवाने में मदद करेगा। इसके बाद अलेन किड़ो ने विकास सिदार को रुपये दिए। इसके साथ ही, अन्य व्यक्तियों अमन यादव, सेवक चौहान, मूलचंद कावर, एसके सिंह को भी अलग-अलग खातों में रकम भेजी गई। इस तरह कुल 11 लाख 30 हजार रुपए नौकरी लगवाने के नाम पर ले लिए गए। जांच में यह भी पाया गया कि आरोपियों ने पीड़िता को झूठे दस्तावेज और फर्जी नियुक्ति पत्र दिखाकर भरोसा दिलाया था। चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपियों उत्तरा सिदार और संजू यादव को थाना चक्रधरनगर में दर्ज अपराध गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। अन्य छह आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

**खास बातें**

- पुलिस में नौकरी लगाने के नाम पर उद्यानिकी विभाग की महिला से धोखाधड़ी



## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन ठगी से बचाव की दी जा रही जानकारी

**रायगढ़।** जिले भर में साइबर अपराधों के विरुद्ध विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही प्रतिदिन रायगढ़ पुलिस के सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक, इंस्टाग्राम से प्रशासनिक, पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के साइबर जागरूकता संदेश भी प्रसारित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कोतवाली क्षेत्र के कोष्टापारा स्थित देवांगन धर्मशाला में नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा एवं सीएसपी साइबर सेल अनिल विश्वकर्मा के नेतृत्व में साइबर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने वार्डवासियों को बताया कि साइबर अपराधी फर्जी लिंक, ऑफर या कॉल के माध्यम से ठगी करते हैं, इसलिए किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और ओटीपीए बैंकिंग विवरण या व्यक्तिगत जानकारी किसी को साझा न करें।

### शराब पकड़ने पहुंची पुलिस से धक्कामुक्की

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब विक्रेताओं को पकड़ने पहुंची पुलिस के साथ उनके परिजनों ने गाली-गलौज करते हुए धक्कामुक्की की। ऐसे में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। दरअसल रविवार को पुसौर पुलिस की टीम एनटीपीसी लारा कोल गेट के पास पहुंची थी। उसी दौरान सूचना मिली कि ग्राम बोड़ाझरिया में गांड़ाराम बंजारा 74 वर्ष और उसका बेटा देवानंद बंजारा 46 वर्ष घर के पीछे अवैध रूप से महुआ शराब बेच रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों को टीपीएस मोपेड के साथ पकड़ लिया। मोपेड में रखे थैले से 60 पाउच महुआ शराब और जरिकेन में 5 लीटर शराब बरामद की गई। पुलिस टीम शराब और मोपेड दोनों जब्त करते हुए जब आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने ला रही थी तभी उनके परिजन सुशीला बंजारा और खगेश्वर बंजारा वहां पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने पुलिसकर्मियों से गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। पुलिस ने जब उन्हें समझाइश दी तो वे आरोपियों को थाने ले जाने से रोकने लगे और पुलिसकर्मियों के साथ धक्कामुक्की करने लगे। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया और दोनों पक्षों को शांत कराया। इसके बाद पुलिस ने गांड़ाराम और देवानंद बंजारा को गिरफ्तार कर थाने ले आई। पुलिस ने इस मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### जनसमस्या निवारण शिविर अब 9 जनवरी को

**अम्बिकापुर।** जिले विकासखण्ड सीतापुर के ग्राम सरगा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन अब शुक्रवार, 9 जनवरी को किया जाएगा। पूर्व में यह शिविर ग्राम गेरसा में 31 अक्टूबर को आयोजित होना निर्धारित था किंतु अपरिहार्य कारणों से तिथि एवं स्थल में आंशिक संशोधन किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी विभाग प्रमुख एवं कार्यालय प्रमुख निर्धारित तिथि पर शिविर स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु पूर्व में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

### शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ आज


**अम्बिकापुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ समारोह 28 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे शासकीय बहु उद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर के खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन, संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल शामिल होंगे वहीं समारोह की अध्यक्षता सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक लुण्ड्रा प्रबोध मिंज, विधायक सीतापुर राम कुमार टोप्पो, छग गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, छग राज्य युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं सरगुजा अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, ननि सभापति हरमिंदर सिंह एवं जिपं उपाध्यक्ष देव नारायण यादव उपस्थित रहेंगे।

## मुख्यमंत्री श्री साय ने पर्यटन को बढ़ावा देने दिए निर्देश

# जशपुर बना छत्तीसगढ़ का रॉक क्लाइम्बिंग हब, देशदेखा ने बढ़ाई रोमांच की ऊंचाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय पर्यटन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में जशपुर अब सिर्फ अपनी प्राकृतिक सुंदरता और जनजातीय संस्कृति के लिए ही नहीं, बल्कि रोमांचक पर्यटन के लिए भी पहचाना जाने लगा है। जशपुर के "देशदेखा क्लाइम्बिंग सेक्टर" ने इस दिशा में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। यह स्थान अब उन साहसिक यात्रियों का पसंदीदा गंतव्य बन रहा है जो रॉक क्लाइम्बिंग के साथ प्रकृति की शांति को भी महसूस करना चाहते हैं।

देशदेखा क्लाइम्बिंग सेक्टर को इस तरह विकसित किया गया है कि यह शुरुआती पर्वतारोहियों से लेकर अनुभवी क्लाइंबर्स तक, सभी के लिए चुनौतीपूर्ण और रोमांचक अनुभव प्रदान करे। यहाँ प्राकृतिक चट्टानों पर विभिन्न प्रकार की क्लाइम्बिंग रूट्स तैयार किए गए हैं, जिनमें क्रैक क्लाइम्ब, स्लैब, वर्टिकल फेस और ओवरहैंग जैसी विविध चुनौतियाँ शामिल हैं। हर चढ़ाई के साथ पर्यटकों को घने जंगलों और जशपुर की हरी-भरी पहाड़ियों का मनमोहक दृश्य देखने को मिलता है, जो अनुभव को और भी यादगार बना देता है। इस क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। प्रशिक्षित गाइड्स और प्रमाणित क्लाइम्बिंग इंस्ट्रक्टर्स की देखरेख में चढ़ाई करवाई जाती है। आधुनिक उपकरण, सेफ्टी रोप्स और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार बनाए गए सुरक्षा प्रोटोकॉल यहां की प्रमुख विशेषताएँ हैं। पर्यटकों को एक ऐसा अनुभव देने की कोशिश की गई है जो रोमांचक होने के साथ-साथ सुरक्षित भी हो। देशदेखा क्लाइम्बिंग सेक्टर का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसका विकास स्थानीय समुदायों की भागीदारी से किया गया है। यहाँ के ग्रामीण और जनजातीय लोग इस परियोजना का हिस्सा बने हैं, जिससे उन्हें रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर मिले हैं। यह पहल न केवल एडवेंचर पर्यटन को प्रोत्साहित करती है, बल्कि पर्यावरण और समुदाय-केंद्रित विकास का उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। प्राकृतिक रूप से समृद्ध यह क्षेत्र वन्यजीवों, झरनों और पहाड़ी दृश्यों से घिरा हुआ है। सुबह की धूप में चमकती चट्टानें और शाम के समय सुनहरी घाटियाँ यहाँ आने वाले हर यात्री को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। अक्टूबर से मार्च तक का मौसम रॉक क्लाइम्बिंग के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है। इस दौरान हवा ठंडी और साफ होती है, जिससे चढ़ाई का अनुभव और भी सुखद हो जाता है।

जशपुर प्रशासन और स्थानीय पर्यटन संगठनों की यह संयुक्त पहल न केवल राज्य के एडवेंचर पर्यटन मानचित्र पर जशपुर को विशेष स्थान दिला रही है, बल्कि यह दर्शा रही है कि अगर स्थानीय संसाधनों को संवेदनशीलता और दूरदर्शिता से विकसित किया जाए, तो छोटे-छोटे पहाड़ी इलाकों को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जा सकती है। देशदेखा क्लाइम्बिंग सेक्टर सिर्फ एक एडवेंचर साइट नहीं, बल्कि यह जशपुर के उस आत्मविश्वास का प्रतीक है जो अपनी प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर को सम्मान देते हुए आधुनिक पर्यटन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यहाँ आकर पर्यटक न सिर्फ चढ़ाई का आनंद लेते हैं, बल्कि "प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व" के उस दर्शन को भी महसूस करते हैं, जो जशपुर की मिट्टी में गहराई से बसा है।



## राउरकेला में स्वयंसेवकों ने किया पथसंचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

- शताब्दी वर्ष पर उदित नगर से विशाल पथ संचलन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देश व राज्य के अन्य हिस्सों की तरह राउरकेला महानगर की ओर से रविवार 26 अक्टूबर को भव्य पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ, संघ प्रेमियों और स्वयंसेवकों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।

रविवार को उदित नगर परेड ग्राउंड से सभी स्वयंसेवक एकत्रित हुए, यहां संघ की प्रार्थना के बाद 4 बजे यहां से पथ संचलन का आरंभ हुआ। पथ संचलन यहां से निकलकर म्यूनिसिपल कॉलेज के सामने से महताब रोड होते हुए पावर हाउस रोड की परिक्रमा की। इसके बाद पावर होते रोड होते हुए मंगल भवन से मुख्य मार्ग से गुजरते हुए पुनः उदित नगर परेड ग्राउंड में पहुंच कर पथ संचलन का समापन हुआ। एक हजार से अधिक की संख्या में गणवेश मे स्वयंसेवक पथ संचलन मे शामिल हुए।

संघ का यह आयोजन न केवल संघ के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक बनाए बल्कि समाज में संगठन, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को भी सशक्त किया। इसके साथ ही शहर वासियों ने संघ का भव्य, दिव्य व विराट स्वरूप का दर्शन किया। जो स्वयं सेवक पथ संचलन में शामिल नहीं हो पाए, उन्होंने पथ संचलन मार्ग में खड़े होकर स्वागत किया। संघ कार्यालय चौक समेत दर्जन भर जगहों पर पथ संचलन का पुष्प वर्षा व शंख की ध्वनि से स्वागत किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर संघ प्रेमियों में उत्साह देखने लायक था।

## भक्ति और उत्साह के साथ निकली विसर्जन शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

- ढोल नगाड़ों की गूंज और रंगीन रोशनी से सजी प्रतिमा के साथ भक्तों ने दी विदाई



रविवार की शाम राउरकेला शहर का माहौल भक्तिमय हो उठा जब डेली मार्केट काली पूजा कमेटी की ओर से भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। शाम 5 बजे पूजा पंडाल से आरंभ हुई यह शोभायात्रा ढोल नगाड़ों, बाजे और जयकारों की गूंज के बीच मुख्य मार्गों से होते हुए बालू घाट कृत्रिम तालाब पहुंची, जहां मां काली की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

एक स्वतंत्र गाड़ी में रखी मां काली की प्रतिमा को रंगीन लाइटों और फूलों से सुंदर रूप से सजाया गया था। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे लगाते हुए भक्ति भाव से नाच गाकर देवी को विदाई दी। मार्ग में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर पर काली पूजा कमेटी के सत्यानंद महंती, रंजीत नायक, सुनाकर नायक, टीटू भाई, गगन पांडा, बसु भाई, कैलाश पात्रो, मंजा भाई, अभय बेहरा, दूज शेट्टी, सुनील राम, कालीचरण साहू और बसु बारिक सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। विसर्जन शोभायात्रा में उमड़े जनसमूह और भक्ति वातावरण ने पूरे क्षेत्र को धार्मिक आस्था और उल्लास से सराबोर कर दिया।

# सिविल टाउन में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

- महिला सरगना और तीन कॉल गर्ल्स समेत पांच गिरफ्तार



**राउरकेला।** पुलिस जिला के रघुनाथपाली थाना क्षेत्र के रिहायशी व पॉस इलाके सिविल टाउन के ट्रिपल यू वन के आलीशान मकान में चल रहे एक सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया है। एसपी के आदेश पर गठित स्पेशल पुलिस टीम ने सिविल टाउनशिप स्थित ट्रिपल वन के मुकेश इंटरप्रजेज लिखे अड्डे में छापेमारी कर तीन दो युवतियों को दो युवकों के साथ आपत्तिजनक हालात में पकड़ा दोनों युवक हि यहां सेक्स अड्डा चला रहा था, जबकि एक और लड़की पकड़ाई जो रैकेट की सरगना है। कोलकाता व धनबाद की कॉल गर्लर्स के रूप मे पकड़ाई युवतियों को पूछताछ कर छोड़ दिया गया, जबकि इसके साथ पकड़ाए मुकेश गुप्ता व विभूति भूषण, ओझा कॉल गर्ल्स सप्लाई करने वाली महिला सरगना को गिरफ्तार कर लिया गया।

रघुनाथ पाली थाने में डी एसपी रश्मि रंजन महापात्र ने थाना प्रभारी राजेंद्र स्वाई की उपस्थिति में मीडिया से बातचीत में सेक्स रैकेट के भंडाफोड़ की पुष्टि करते हुए उपरोक्त जानकारी दी। श्री महापात्र ने बताया की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सिविल टाउनशिप के ट्रिपल यू वन में अवैध देह व्यापार का संचालन हो रहा है। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जिसमें कंडोम समेत कई आपत्तिजनक वस्तुएं भी बरामद हुईं। पकड़े गए आरोपियों और पीड़ित महिलाओं को सरकारी अस्पताल में चिकित्सीय जांच के लिए बाल कॉल गर्ल्स को छोड़ दिया गया जबकि महिला सरगना व कॉल गर्ल्स के साथ पपकड़ा, सेक्स अड्डा चला रहे मुकेश गुप्ता व विभूति भूषण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से ऐसे रैकेट के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पूर्ण रोकथाम की मांग की है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है। जांच में अड्डे से एक डायरी मिली है, जिसमे ग्राहकों की सूची है वही एक क्यू आर कोड मिला हैएजिससे यहां आने वाले ग्राहकों से ओनलाइन जिस्मफरोशी के पैसे लिए जाते थे। डी एसपी श्री महापात्र ने बताया की मुकेश गुप्ता मकान मालिक से दो साल पहले चाउमीन बनाने व इसके कारोबार करने की बात कह कर मकान किराये पर लिया था और मुकेश इंटरप्राइजेज का बोर्ड बाहर लगा कर अंदर सेक्स रैकेट चला रहा था। झारखण्ड व कोलकाता से कॉल गर्ल्स को अड्डे पर बुलाकर धंधा किया जा रहा था।

## राष्ट्रीय स्वरूप देने ओडिशा और छत्तीसगढ़ के संबद्धता का निर्णय



**तमनार।** अखिल भारतीय अघरिया समाज केन्द्रीय समिति रायगढ़ छत्तीसगढ़ एवं अभा अघरिया समाज ओड़िशा बलांगीर, सुंदरगढ़ समस्त ओड़िशा प्रांत के समन्वय समिति की बैठक 26 अक्टूबर को सराईपाली, महासमुंद में समाज के प्रतिष्ठित रंजन पटेल ओड़िशा के संयोजन में एवं विधानसभा पूर्व अध्यक्ष किशोरचंद्र पटेल, सासंद रूप कुमारी चौधरी, छत्तीसगढ़ से समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा पटेल, बालकराम पटेल, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, महासचिव त्रय कामता पटेल, तेजराम नायक, बिहारीलाल पटेल, सचिव भोजराम पटेल केन्द्रीय पदाधिकारियों एवं गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित की गई। सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा ओड़िशा एवं छत्तीसगढ़ के अघरिया सामाजिक संगठन के एकीकरण एवं परस्पर सम्बद्धता हेतु सर्वानुमति से निर्णय लिया गया। सर्वप्रथम बैठक के संयोजक रंजन पटेल द्वारा पूर्ववर्ती बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देने के साथ उपस्थित विभिन्न क्षेत्रीय पदाधिकारियों को परिचय हेतु आमंत्रित किया गया क्रमशः ओड़िसा एवं छत्तीसगढ़ प्रांत के उपस्थित सदस्यों द्वारा परिचय दिये जाने के बाद सर्व सम्मति से छत्तीसगढ़ व ओड़िसा के अलग.अलग संगठनों को एक कर एक दूसरे से सम्बद्धता पर सकारात्मक सहमति दी गई।

## स्तन कैंसर से डर नहीं, जागरुकता जरूरीः डॉ. देहुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

- उत्कल स्नेही महिला समिति, छेंड़ का जागरुकता कार्यक्रम



उत्कल स्नेही महिला समिति, छेंड़ राउरकेला की ओर से रविवार शाम सात बजे स्तन कैंसर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजगांगपुर सरकारी अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. मुरारी देहुरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्तन कैंसर की प्रारंभिक पहचान, जांच और उपचार के महत्व से अवगत कराना था। अपने संबोधन में डॉ. देहुरी ने कहा कि हर महिला को अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहना चाहिए। हर महीने स्वयं की जांच करें और साल में कम से कम एक बार डॉक्टर से जांच अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि स्तन कैंसर से डरने की नहीं, बल्कि लड़ने की जरूरत है। आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों से इसका सफल इलाज संभव है। उन्होंने बताया कि जागरुकता और शीघ्र निदान से इस बीमारी पर पूरी तरह विजय पाई जा सकती है। डॉ. देहुरी ने कहा कि जागरुकता की कमी के कारण अधिकांश मामले एडवांस स्टेज में सामने आते हैं जिससे इलाज कठिन हो जाता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की और स्तन कैंसर के प्रति जागरुकता फैलाने का संकल्प लिया।

## वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर अनोज का सम्मान


**जशपुरनगर।** जशपुर जिले के युवा कांग्रेसी नेता एवं समाजसेवी अनोज गुप्ता को अखिल भारतीय वैश्य समाज का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर आज जशपुर में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जशपुर के पूर्व विधायक विनय भगत, भूतपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मा. हीरू राम निकुंज, एवं मनोरा ब्लॉक के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मा. संजीव भगत सहित समस्त कांग्रेस परिवार के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने फूल माला पहनाकर और शाल ओढ़ाकर अनोज गुप्ता का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि अनोज गुप्ता ने हमेशा समाज और संगठन के लिए सक्रिय भूमिका निभाई है। उनकी युवाशक्ति, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। सम्मान समारोह में कांग्रेसजनों ने उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर जिले के अनेक समाजसेवी, व्यापारी वर्ग के प्रतिनिधि, युवा कार्यकर्ता एवं वैश्य समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अनोज गुप्ता ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि "यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरे जशपुर और वैश्य समाज का सम्मान है। मैं संगठन और समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा।" कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता द्वारा किया गया तथा अंत में उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया।

### शहर के प्रमुख सड़कों एवं चौक चौराहा पर की गई कार्रवाई

# निगम के टीम ने तोड़ी मॉल की सीढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




सोमवार को अवकाश होने के बावजूद निगम की संयुक्त टीम द्वारा शहर के प्रमुख सड़कों एवं चौक चौराहों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान सड़क बाधा वाले 20 व्यवसायियों पर 28 हजार 100 रुपए चालानी कार्रवाई की गई। निगम की टीम द्वारा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने शहर के प्रमुख सड़कों एवं चौक चौराहों पर सफाई एवं अतिक्रमण के संबंध में कार्रवाई की गई।

इसमें आलोक सिटी मॉल से बुजी भवन होते हुए श्याम टाकीज रोड, केएमटी कॉलेज होते हुए, सिविल लाइन सेवाकुंज से रूपेंद्र पटेल हॉस्पिटल के सामने तक करवाई किया गया। इस दौरान आलोक सिटी मॉल, विशाल मेगा मार्ट, जगतरामका द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इसी तरह सड़क बाधा एवं सड़क किनारे अतिक्रमण करने वाले 20 दुकान संचालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। सड़क किनारे अतिक्रमण एवं सड़क बाधा करने वाले दुकान संचालकों से 28100 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। सड़क के किनारे एवं नालों की सफाई करने और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए यह कार्रवाई की गई। इसमें निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय के नेतृत्व में आलोक सिटी मॉल से कार्रवाई शुरू हुई, जहां से निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के टीम पैदल सुभाष चौक होते हुए बुजीभवन चौक पहुंची। यहां से श्याम टाकीज रोड, सिविल लाइन, केएमटी कॉलेज रोड में भी सड़क बाधा एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान आयुक्त श्री क्षत्रिय ने कहा कि यह शहर आप सभी का अपना शहर हैए जहां की सफाई व्यवस्था, यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित एवं सुदृढ़ करने सभी का योगदान जरूरी है। इस दौरान कई व्यवसायियों के छज्जे रोड किनारे निकालने के साथ एवं नाले के ऊपर अतिक्रमण किया गया था, जिसे कार्रवाई के दौरान तत्काल हटाया गया।

## लुड़ेग के टमाटर की बढ़ती मांग, ओड़िशा बंगाल और बिहार-झारखंड तक जा रही खेप

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत लुड़ेग के टमाटर ने अब सिर्फ स्थानीय नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्यों में भी अपनी पहचान बना ली है।

जहां लुड़ेग क्षेत्र में टमाटर की पैदावार इस सीजन में थोड़ी कम रही है, जिसका मुख्य कारण बरसात और मौसम का अनियमित होना बताया जा रहा है। लुड़ेग के किसानों के अनुसार, बावजूद इसके टमाटर की मांग काफी बढ़ गई है। खासकर ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड में लुड़ेग के टमाटर की खेप निरंतर जा रही है। लुड़ेग की मंडियों में 26 किलो टमाटर भार की कीमत लगभग 700 से 800 रुपये तक बिक रही है। लुड़ेग के किसान उम्मीद कर रहे हैं कि बाजार की यह मजबूती उन्हें अच्छी आमदनी देगी। लुड़ेग के व्यापारी सुनिल यादव का कहना है कि लुड़ेग के टमाटर की लालिमा, स्वाद और टिकाऊपन के कारण खरीदार बड़ी मात्रा में इसे पड़ोसी राज्यों में भेज रहे हैं। सुनिल यादव ने बताया, बरसात के कारण पैदावार थोड़ी कम जरूर हुई है, लेकिन लुड़ेग के टमाटर की डिमांड इतनी है कि



हम लगातार ओड़िशा, बंगाल, बिहार और झारखंड के ऑर्डर पूरा कर रहे हैं। लुड़ेग का टमाटर अब सिर्फ लुड़ेग की स्थानीय मंडियों तक सीमित नहीं रहा। यह पड़ोसी राज्यों तक पहुँचकर लुड़ेग के किसानों और व्यापारियों के लिए लाभ का नया रास्ता खोल रहा है, और 26 किलो भार की कीमत 700 रुपए तक बिक रही है और आने वाले दिनों में इसकी कीमत में उछाल होने की पूरी संभावना है। हालांकि इन दिनों टमाटर की फसल की शुरुआत हो रही है ।




# करण की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे भुवन बाम

**मुंबई।** यूट्यूबर से अभिनेता बने भुवन बाम अब ओटीटी के बाद अब बॉलीवुड में अपने बड़े डेब्यू को तैयार हैं। पिछले कुछ वक्त से ऐसी खबरें आ रही थीं कि भुवन बाम करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। अब खुद भुवन बाम ने ये कंफर्म कर दिया है और अपने इस बिग डेब्यू पर खुशी भी जताई है। भुवन ने इसे अपने लिए सपना सच होने जैसा बताया है। भुवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर धर्मा के साथ साइन किए गए आर्टिस्ट एग्रीमेंट की एक तस्वीर शेयर की और अपने सपने के सच होने पर अपनी खुशी जाहिर की। अपने कैप्शन में उन्होंने सभी से बड़े सपने देखने का आग्रह किया।

## लाइफ Style

# उर्वशी



बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला नैनीताल और अल्मोड़ा में अपने होमस्टेट का आनंद लेती दिखीं। उन्होंने नैनी झील में बोटिंग की, पहाड़ी व्यंजन चखे और जागेश्वर धाम, गोल्ज्यू मंदिर व कैंची धाम आश्रम में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान फैंस ने उनके साथ सेल्फी और ऑटोग्राफ भी लिए. उर्वशी ने अपनी आने वाली फिल्मों और साउथ प्रोजेक्ट्स की अपडेट भी साझा की।

## जागेश्वर धाम मंदिर में रुद्राभिषेक कर लिया आशीर्वाद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

31 साल की बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों उत्तराखंड की खूबसूरती का आनंद ले रही हैं। रविवार को उर्वशी ने न सिर्फ नैनी झील में बोटिंग का लुत्फ उठाया, बल्कि पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन का स्वाद भी चखा। इससे पहले उर्वशी अल्मोड़ा के प्रसिद्ध जागेश्वर धाम मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद लिया। उर्वशी रौतेला अल्मोड़ा के चितई गोल्ज्यू मंदिर और कैंची धाम आश्रम भी गई। यहां उर्वशी ने नीम करौरी बाबा के दर्शन किए। इस दौरान उर्वशी ने नैनीझील में वोटिंग का लुफ्त उठाया। उर्वशी को देखने के लिए नैनीझील पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने उर्वशी रौतेला के साथ फोटो भी खींचवाई. इतना ही नहीं, उर्वशी के फैंस उनका ऑटोग्राफ भी लिया। उर्वशी ने अपने फैंस से बातचीत की और बच्चों के साथ समय बिताया, जिससे माहौल और भी उत्साही बन गया। बता दें, उर्वशी का पहाड़ों से हमेशा लगाव रहा है इस लिए वो आकर यहां आती रहती है। उन्होंने कहा कि नैनीताल का शांत वातावरण और मौसम उन्हें बेहद पसंद है। उन्होंने इसे अपना 'नौनिहाल' बताते हुए बचपन की यादों से जोड़कर अपनी भावनाएं साझा कीं।

## हॉलीवुड मसाला



# शादी के बाद रिलीज किया पहला गाना

**लॉस एंजिल्स।** गायिका और अभिनेत्री सेलेना गोमेज ने एक बार फिर अपने फैंस के लिए एक नया वीडियो पेश किया है। गोमेज ने शादी के बाद इस हफ्ते की शुरुआत में 'इन द डार्क' नाम के नए गाने को रिलीज किया है। उन्होंने इसका वीडियो भी जारी किया है। यह गाना 'नोबडी वांट्स दिस सीजन 2: द साउंडट्रैक' का हिस्सा है, जिसमें क्रिस स्टेपलटन, केसी मुसग्रेव्स और फिननेस जैसे कलाकार भी शामिल हैं। ल्यूक ऑरलैंडो द्वारा निर्देशित इस वीडियो में, गोमेज पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहने हुए बड़ी, खुली जगहों से गुजरती हुई दिखाई दे रही हैं।



# भारत में चौथी बार कॉन्सर्ट करने आ रहे रैपर पिटबुल

**लॉस एंजिल्स।** अंतरराष्ट्रीय रैपर और सिंगर पिटबुल दिसंबर महीने में एक बार फिर भारतीय दर्शकों के सामने लाइव परफॉर्म करने आ रहे हैं। 'मिस्टर वर्ल्डवाइड'के नाम से मशहूर पिटबुल अपने नए टूर 'आई एम बैक' के तहत भारत के दो बड़े शहरों- गुरुग्राम और हैदराबाद में परफॉर्म करेंगे। इस म्यूजिकल टूर की शुरुआत 6 दिसंबर को गुरुग्राम के हुडा ग्राउंड से होगी, जिसके बाद 8 दिसंबर को पिटबुल हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में परफॉर्म करेंगे। पिटबुल का असली नाम आर्मांडो क्रिश्चियन पेरेज है। दुनिया भर में वह अपने हिट गानों 'टिंबर', 'होटल रूम सर्विस' और 'नो लो ट्राटेस' के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने भारत में इससे पहले 2011, 2017 और 2019 में परफॉर्म किया था और हर बार उनके कॉन्सर्ट्स में दर्शकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला था।



# पिंजर की रिलीज को पूरे हुए 22 साल

**नई दिल्ली।** उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी की साल 2003 में फिल्म पिंजर आई थी। रविवार को इस फिल्म की रिलीज को 22 साल पूरे हो चुके हैं। पिंजर बॉलीवुड की बेहतरीन और क्लासिक कल्ट फिल्मों में शामिल है। इसमें उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी ने अपने शानदार अभिनय से खूब वाहवाही लूटी थी। पिंजर को क्रिटिक्स ने खूब सराहा था। इसे काफी पसंद किया गया था। इसका निर्देशन चाणक्य जैसा कालजयी सीरियल बनाने वाले डायरेक्टर चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने किया था। फिल्म 1947 में भारत-पाकिस्तान के बंटवारे पर आधारित थी। 22 साल पहले आई इस फिल्म में कलाकारों के अभिनय को काफी सराहा गया था. अगले साल इसने फिल्मफेयर अवॉर्ड भी जीता था। लेकिन, बॉक्स-ऑफिस पर ये मूवी औंधे मुंह गिरी थी।



# ये रोमांटिक गीत दिल को पहुंचाता है सुकून

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर हेमलता के गानों के करोड़ों लोग फैन हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई बेहतरीन और यागदार गानों की सौगात दी है। 1978 में आए इस गाने को सिंगर हेमलता ने अपनी आवाज से सजाया था और रविंद्र जैन ने लिखा और इसे कंपोज किया था। यह गाना सचिन पिलगांवकर और रंजीता कौर पर फिल्माया गया था। गाने को उस वक्त जितना पसंद किया गया था यह आज भी उतना ही लोगों के दिलों पर राज करता है। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है अंखियों के झरोखों से। जी हां अंखियों के झरोखों से एक ऐसा गाना है जिसे आज की जनरेशन भी उतना ही पसंद करती है। इस गाने को अब तक यूट्यूब पर 228 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह सॉन्ग आज भी कितना पॉपुलर है।

## टीवी मसाला



# सतीश को साराभाई वर्सेस साराभाई की टीम ने दी अंतिम विदाई...

**नई दिल्ली।** 25 अक्टूबर को सीनियर एक्टर सतीश शाह ने इस दुनिया को अलविदा कहा। उनके निधन की वजह किडनी फेलियर बताई गई। 26 अक्तूबर को उनका अंतिम संस्कार किया गया और उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर उनके पॉपुलर शो 'साराभाई वर्सेस साराभाई' की लीड कास्ट भी उन्हें श्रद्धांजलि देने साथ आई और उन्हें आखिरी सैल्यूट देते हुए अपने शो का टाइटल ट्रैक 'साराभाई वर्सेज साराभाई' गाया। इस गाने को गाते हुए रुपाली गांगुली बुरी तरह इमोशनल दिखीं और गाना खत्म होने के बाद तो वो खुद को संभाल ही नहीं पाईं। वहां मौजूद हर एक शख्स की आंखें नम थीं। राजेश कुमार भी खुद को संभालने के हालात में नहीं थे। सतीश शाह के निधन के बाद जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे कि उन्होंने अपने पिता को खो दिया है। अनुपम खेर ने भी एक वीडियो शेयर कर सतीश के प्रति अपना प्यार और उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। अनुपम खेर ने बताया कि सतीश सेट पर हमेशा सभी को हंसाया करते थे और जनरल नॉलेज के मामले में तो कोई उनका सानी नहीं था। वह हर एक सवाल पर जवाब देते थे. शायद ही कभी ऐसा हुआ हो जब वो जवाब देने में नाकाम रहे हों। सतीश के दोस्त सचिन पिलगांवकर ने बताया कि उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट केवल इसलिए करावाया था, क्योंकि वे अपनी जिंदगी बढ़ाना चाहते थे ताकि पत्नी मधु शाह की देखभाल कर सकें। क्योंकि, उनकी पत्नी अल्जाइमर से जूझ रही हैं।

## मृदुल की हरकत पर आगबबूला हुए सलमान

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते शनिवार-रविवार को बिग बॉस 19 में वीकएंड का वार होता है, जिसमें शो के होस्ट सलमान खान आते हैं और प्रतियोगियों की



हफ्ते भर की रिपोर्ट पेश करते हैं। शनिवार को अभिनेता ने कंटेस्टेंट को जमकर फटकार लगाई, जिसमें एक्टर सबसे ज्यादा मृदुल तिवारी पर भड़के। इसके अलावा सलमान ने मृदुल की हरकतों पर कहा कि बिग बॉस के घर में किसी की जान जा सकती थी। सलमान खान ने वीकएंड का वार में मृदुल तिवारी से कहा, 'आपने जो किया वो मजाक नहीं था। आपने पहले खुद अशनूर को छेड़ा, कि वो आपको पूल में डाले। फिर आप माइक निकालकर खुद तैयार हो गए। जब अशनूर ने ये किया तो आपने बदला लेना चाहा। मैं आपके बचकाने गेम्स के बारे में बीच में नहीं बोलता। लेकिन, आपके गेम्स की वजह से ना ही सिर्फ माइक्स खराब हुए, बल्कि आपने अशनूर पर तब पानी डाला जब उनके हाथ में एक हेयर ड्रायर था।' सलमान खान ने आगे कहा, 'आपको पता नहीं है कि हेयर ड्रायर में पानी चला जाता, तो क्या हो सकता था।'

# कांतारा-2 बनी साल की सबसे कमाऊ फिल्म, 'छावा' का रिकॉर्ड तोड़ा

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज कर ली है। यह इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों में नंबर वन की कुर्सी पर काबिज हो चुकी है। विक्की कौशल अभिनीत 'छावा' को धकेलकर 'कांतारा 2' ने यह स्थान कब्जाया है। अब तक 'छावा' इस साल की नंबर वन फिल्म थी। मगर, अब 'कांतारा चैप्टर 1' ने यह जगह छीन ली है।

***25 दिनों में किया करिश्मा :*** 'कांतारा चैप्टर 1' फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के मामले में यह फिल्म पहले नंबर पर आ गई है। प्राप्त आंकड़ों में इसने अब तक 867 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया है। फिल्म ने यह कारनामा अपनी रिलीज के 25 दिन के भीतर कर दिखाया है।

***टॉप 10 की लिस्ट में चार हिंदी फिल्में***




***शामिल :*** इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 10 भारतीय फिल्मों में अब 'छावा' दूसरे नंबर पर हो गई है। वहीं, इस साल युवाओं के बीच लोकप्रियता बटोरने वाली 'सैयारा' 579.23 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के साथ तीसरे नंबर पर है। टॉप 10 की लिस्ट में सिर्फ चार हिंदी फिल्मों ने उपस्थिति दर्ज की है। इनमें- छावा, सैयारा, वॉर और सितारे जमीन पर का नाम शामिल है।

**भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जलवा कायम:** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी 'कांतारा चैप्टर 1' धुआं उड़ा रही है। यह फिल्म 600 करोड़ क्लब में एंट्री लेने वाली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक भारत में इसने 583.92 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है। यह फिल्म साल 2022 में आई ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' का ही प्रीक्वल है।

# लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में रैपर बैड का दबदबा

**लॉस एंजिल्स।** मियामी के मंच पर इस साल लैटिन संगीत का सबसे बड़ा उत्सव देखने को मिला। साल 2025 के लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में जब विजेताओं की घोषणा हुई तो हर तरफ एक ही नाम सुनाई दे रहा था। वो नाम है- बैड बनी। जी हां, मशहूर रैपर बैड बनी ने एक ही रात में 11 अवॉर्ड्स जीतकर यह साबित कर दिया कि लैटिन म्यूजिक की दुनिया में वो बहुत आगे निकल चुके हैं।

***बैड बनी को मिले कौन-कौन से अवॉर्ड्स?*** : दुनियाभर में 'टीटी मे प्रेगुंतो'जैसे गानों के लिए पहचान बना चुके रैपर बैड बनी ने इस दौरान आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सॉन्गराइटर ऑफ द ईयर और टॉप लैटिन एल्बम जैसे बड़े खिताब अपने नाम किए। उनका हालिया एल्बम देबी तिरार मास फोटोज दर्शकों के बीच रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल कर चुका है और अब अवॉर्ड्स ने उसकी सफलता पर मुहर लगा दी है। केवल बैड बनी ही नहीं, बल्कि लैटिन म्यूजिक के दूसरे सितारे भी इस रात अपनी चमक बिखेरते नजर आए। राउ एलेजांद्रो को कई अहम श्रेणियों में फाइनलिस्ट घोषित किया गया, जिनमें आर्टिस्ट ऑफ द ईयर और टूर ऑफ द ईयर जैसी कैटेगरी शामिल थीं। वहीं, करोल जी ने भी अपने लोकप्रिय गीत 'सी आंतेस ते उबिएरा कोनोसीदो' के लिए पांच नामांकन हासिल किए और छह अवॉर्ड्स जीतकर महिलाओं के वर्ग में इतिहास रच दिया।



## बैड ने जीत के बाद क्या कहा?

इस अवॉर्ड नाइट की खास बात यह रही कि लैटिन म्यूजिक ने न सिर्फ अपनी परंपरा बल्कि आधुनिकता का भी संगम पेश किया। मंच पर जब बैड बनी ने अपनी जीत का आभार व्यक्त किया, तो उन्होंने कहा, 'ये अवॉर्ड्स सिर्फ मेरे नहीं हैं, ये उन सभी कलाकारों के हैं जो लैटिन संगीत को विश्व मंच पर ले जा रहे हैं।' वहीं इस दौरान करोल जी ने भी मंच से कहा कि लैटिन महिलाओं के लिए यह दौर नया इतिहास लिखने का है- जहां आवाजें सीमाओं से परे जा रही हैं।

## प्रमुख श्रेणियों के विजेताओं की सूची

| अवॉर्ड श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (न्यू) | नेटन वेगा |
| टूर ऑफ द ईयर | शकिरा |
| क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बेनी ब्लांको |
| ग्लोबल 200 लैटिन आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| ग्लोबल 200 लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | कारोल जी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (पुरुष) | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (महिला) | कारोल जी |

## शकिरा को 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड

शकिरा, जिनकी टूरिंग स्टाइल और मंच पर उपस्थिति आज भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है, उन्हें इस दौरान 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड मिला। वहीं बेनी ब्लांको को क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर का सम्मान मिला, जिन्होंने लैटिन और मुख्यधारा संगीत को आपस में जोड़ने में काफी अहम भूमिका निभाई है।

## लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक भोजपुरी इंडस्ट्री में भी छाई हुई है पूरी तरह

# साड़ी पहन अक्षरा ने किया नहाय खाय, पवन ने जोड़े हाथ

***मुंबई।*** *भक्ति, आस्था और लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक इस बार भोजपुरी इंडस्ट्री में भी पूरी तरह छाई हुई है। जैसे ही घाटों पर छठी मैया के गीत गूंजे, वैसे ही सोशल मीडिया पर भोजपुरी सितारों के वीडियो और तस्वीरें वायरल होने लगे। पवन सिंह, अक्षरा सिंह, आम्रपाली दुबे, दिनेश लाल यादव निरहुआ और काजल राघवानी जैसे कलाकार इस बार भी अपने-अपने अंदाज में भक्ति की छटा बिखेरते दिखे।*

## गानों से बढ़ाई श्रद्धा की मिठास

भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह हर साल की तरह इस बार भी छठ महापर्व पर अपने नए गीतों के साथ हाजिर हुए। उन्होंने दो गाने रिलीज किए- 'घाट चले मोदी-नीतीश' और 'कौन कलमवां से लिखलवा करमवां'। गाने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गए। पवन सिंह ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'जय छठी मइया, सब पर कृपा बनाकर रखना।' उनके गीतों की लोकप्रियता इतनी है कि हर घाट पर अब उनके सुर गूंज रहे हैं। भक्ति और लोकधुन का यह संगम उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं।

## साझा किया नहाय खाय का वीडियो

भोजपुरी की लोकप्रिय अदाकारा अक्षरा सिंह ने एक बार फिर अपनी सादगी और श्रद्धा से लोगों का दिल जीत लिया। इस बार वह छठ पूजा में पारंपरिक साड़ी, मांग में सिंदूर और माथे पर बिंदी लगाए दुल्हन की तरह सजीं। अक्षरा ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए लिखा- नहाय-खाय छठ पूजा की आध्यात्मिक यात्रा की पहली सीढ़ी है। इस दिन व्रती मां छठी और सूर्य देव से आशीर्वाद मांगती हैं कि आने वाले चार दिनों तक वे नियम, भक्ति और शुद्धता बनाए रखें। यह आस्था का वह क्षण है जहाँ हर व्रती अपने जीवन की नकारात्मकता को पीछे छोड़, नवऊर्जा के साथ नई शुरुआत करती है।



## आम्रपाली और निरहुआ का इमोशनल वीडियो

इस बार छठ पर्व पर रिलीज हुआ आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव निरहुआ का म्यूजिक वीडियो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। रिलीज के कुछ ही घंटों में इसे 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वीडियो में आम्रपाली एक गर्भवती महिला की भूमिका में नजर आती हैं, जो अपने बच्चे की सलामती के लिए छठी मैया से प्रार्थना करती है। गाने की कहानी, भावनाएं और लोकधुन दर्शकों को रुला देने वाली है। यही वजह है कि लोग इसे 'साल का सबसे भावनात्मक छठ गीत' कह रहे हैं।

## काजल राघवानी ने बताया छठ का अर्थ

भोजपुरी इंडस्ट्री की एक और चर्चित एक्ट्रेस काजल राघवानी ने इस बार अपने सोशल मीडिया वीडियो में छठ के महत्व को बड़ी खूबसूरती से समझाया। उन्होंने कहा कि, "छठ मेरे लिए सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि एक भावनात्मक रिश्ता है जो मुझे मेरी मिट्टी, मेरे बचपन और मेरी मां से जोड़ता है।" उनके इस वीडियो को फैंस ने दिल से अपनाया और खूब शेयर किया।

## भोजपुरी इंडस्ट्री में छठ का उत्सव

हर साल की तरह इस बार भी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री छठ की भक्ति में रंगी हुई नजर आई। सितारों ने अपने-अपने अंदाज में छठी मइया के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कहीं घाटों पर लोकगीत गूंजे तो कहीं सोशल मीडिया पर गीतों और तस्वीरों का मेला लगा। भोजपुरी कलाकारों का यह जोश और भक्ति भाव बताता है कि ये त्योहार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कृति का उत्सव है।

## खबर संक्षेप

### पुसौर से गुडु रोड में भारी वाहन से बढ़ी परेशानी

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर से ग्राम गुडु पहुंच मार्ग कभी केवल पगडंडी था, जिसमें पैदल या साइकिल से ही आना जाना करते थे ऐसे रास्ते में भी बाइक सवार छोटे हरदी कोडपाली, रेम्ता ओड़िशा आदि ग्राम से आते थे। उक्त रोड के चौड़ीकरण 2015 में नगर पचायत पुसौर के तात्कालीन अध्यक्ष किशोर कसेर के कार्यकाल में होने का तथ्य प्रकाश में आया है। इस संबंध में वर्तमान वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद एवं पूर्व नगर अध्यक्ष किसोर कसेर बताते हैं कि तात्कालीन समय में समीपस्थ भू स्वामी पूर्व पार्षद जगन्नाथ प्रधान, अरविंद प्रधान सहित अन्य कई भू-स्वामियों से निवेदन किया गया। जिसमें इन्होंने आवागमन के लिए अपनी कास्तकारी जमीन को जनहित में छोड़ा। जिसके फलस्वरूप नगर पंचायत के 5 लाख रुपए के फंड एवं जन सहयोग से उक्त रोड का चौड़ीकरण हुआ। जिसमें केवल बाइक सवार एक दूसरे को क्रास करते हुए जाना आना कर सकते थे। कुछ समय बाद इसमें पुनः चौड़ीकरण किया गया जो इन दिनों मरम्मत के कगार पर पहुंच चुका है लेकिन अब इस रास्ते से फोर व्हीलर वाहन भी जा रहा है, लेकिन इस बीच कोई भी पैदल अथवा मोटर साइकिल सवार उसे साइड नहीं दे सकता। इस परेशानी को देखते हुए लोगों की मांग है कि भारी वाहन ट्रेक्टर आदि इस रोड में नहीं चलना चाहिए छोटा कार अथवा मारूति जो सवारी वाहन हो ऐसे वाहन चलने से साईड देते हुए आवागमन सुलभ हो सकता है।

### युवक पर जानलेवा हमला दर्ज हुआ मामला

**कटेली।** सारंगढ़ में बीती रात करीब 9 बजे स्थानीय रानी लक्ष्मी बाई काम्प्लेक्स में हाथापाई के बाद हाथ की कलाई में पहने चूड़ा से घातक हमला के बाद नवयुवक छोटू निषाद के सिर के नीचे माथे पर गंभीर चोट की खबर मिली है। इस मामले की रिपोर्ट थाने मे दर्ज होने के बाद मामले की जांच पुलिस कर रही है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय फुलझरिया पारा निवासी छोटू निषाद और बीड़पारा निवासी बिट्टू खान के बीच कहासुनी हो गई, इसके बाद बिट्टू खान अपने साथी मिंटू खान, अमान खान, जुम्मन खान को अपने साथ में लेकर छोटू निषाद जो कि हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक किशन गुप्ता एवं अभिनव थवाईत का एक निस्वार्थ सहयोगी है को ढूंढते हुए रानी लक्ष्मीबाई काम्प्लेक्स पहुंच कर गाली गलौज करते हुए बिट्टू ख़ान ने अपने हाथ में पहने चूड़े से घातक हमला कर दिया।

### अस्पृश्यता निवारण शिविर का आयोजन कल

**कटेली।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जिले में 29 अक्टूबर को अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन विकास खण्ड बरमकेला के ग्राम पडकीडीपा में आदिवासी बालक आश्रम में आयोजित किया गया है। जिसमें वर्ण भेद रहित, सामूहिक भोज, सांस्कृतिक कार्यकम, सम्भाषण एवं चित्रकला आदि कार्यकम किया जाना है। जिसमें भाषण का विषय मानव समाज में सद्भावना की आज के परिपेक्ष्य में प्रासंगिक्ता व निबंध में अंतर्जातीय विवाह का सामाजिक सद्भावना में महत्व तथा अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार अधिनियम का आपसी सद्भावना में योगदान व भूमिका रहेगा।

**Name Change Notice**

It is hereby notified to the general public that I, Vasudev Agarwal, son of Suresh Kumar Agarwal, resident of Sonar Para, Bhakti Gali, House No. 20/71, Ward No. 21, Raigarh, District Raigarh, Chhattisgarh 496001, hereby take an oath that I have abandoned my old name Vasudev Agarwal, son of Suresh Agarwal, and have adopted a new name Vasudev Agarwal, son of Suresh Kumar Agarwal.

Henceforth, I shall be known and identified by the name Vasudev Agarwal, son of Suresh Kumar Agarwal, in all government, semi-government, and other documents.

Vasudev Agarwal
Son of Suresh Kumar Agarwal, Sonar Para, Bhakti Gali, House No. 20/71, Ward No. 21, Raigarh, District Raigarh, Chhattisgarh 496001

### आजादहिंद, उत्कल, साउथ बिहार, अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेनों ने तोड़ा लेटलतीफी का रिकार्ड

# मालगाड़ियों को पासिंग देने आउटर में रोक रहे कोचिंग ट्रेनें, प्रमुख गाड़ियां चल रहीं घंटों लेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यात्री गाड़ियों के बजाए माल गाड़ियों को पांसिंग देने की वजह से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। मालगाड़ियों को पासिंग देने के चक्कर में कोचिंग ट्रेनों को आउटर में रोक दिया जा रहा है। जिससे प्रमुख ट्रेनें अपने गंतव्य से घंटों लेट चल रही हैं। लेटलतीफी के मामले में आजादहिंद, उत्कल, साउथ बिहार व अहमदाबाद एक्सप्रेस ने रिकार्ड तोड़ दिया है। इधर रेलवे के अधिकारी इसे गंतव्य से ही रिशेड्यूल होने पर लेट होने का हवाला दे रहे हैं।

दरअसल बीते सप्ताह भर से बिलासपुर-हावड़ा मार्ग में ट्रेनों की चाल बिगड़ गई है। लंबी दूरी की ट्रेनों के अलावा लोकल ट्रेनें भी घंटों लेट चल रही हैं। जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। त्यौहारी सीजन होने की वजह से एक तो ट्रेनें वैसे ही हाउसफुल चल रही हैं, उपर से ट्रेनों की कछुआ गति चाल ने यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है। इसका प्रमुख कारण यह है कि रेलवे द्वारा माल ढुलाई के चक्कर में मालगाड़ियों को पासिंग देकर कोचिंग ट्रेनों को आउटर में रोका जा रहा है। जिससे ट्रेनों की चाल बिगड़ गई है। आजादहिंद, उत्कल, साउथ बिहार व अहमदाबाद एक्सप्रेस तो 5 से 6 घंटे लेट चल रही हैं। इस मामले में एसईसीआर के अधिकारी तर्क दे रहे हैं कि अपने क्षेत्र में लेटलतीफी नहीं हो रही है। उनका कहना है कि ट्रेनें जहां से रवाना होती है वहीं से ही देर से छूट रही है, यह सब रिशेड्यूल के चक्कर में हो रहा है।



### 1 में खड़ी रहती है मालगाड़ियां

डाउन की सभी यात्री ट्रेनें प्लेटफार्म नंबर 1 पर आती हैं, लेकिन जब भी ट्रेनों के आने का समय होता है उस वक्त मालगाड़ी इस प्लेटफार्म पर खड़ी रहती हैं। जिस वजह से ट्रेनों को आउटर में रोक दिया जाता है। इस संबंध में स्थानीय रेलवे प्रशासन गोलमोल जवाब देने लग जाते हैं और मुसाफिरों को परेशान किया जाता है।

### 80 प्रतिशत काम पूरा फिर भी देरी

बिलासपुर से झारसुगुड़ा तक चौकी लाइन का काम 80 प्रतिशत पूरा हो गया है। सिर्फ चांपा से अकलतरा और बाराद्वार से सक्ती के बीच कुछ काम बचा है। ऐसे में इस बीच तो ट्रेनों का परिचालन समय पर होना चाहिए। खास बात यह है कि टिटलागढ़ पैसेंजर, बिलासपुर रायगढ़ मेमू भी 3 से 4 घंटे लेट चल रही हैं। जिससे साफ जाहिर होता है कि रेलवे द्वारा मालगाड़ियों को प्राथमिकता दी जा रही है।

### ट्रेनों को रिशेड्यूल करने से देरी

लंबी दूरी की ट्रेनें जहां से रवाना होती हैं वहीं से लेट हो रही हैं। क्योंकि उक्त मंडलों में कुछ-कुछ काम चलने से ट्रेनों को रिशेड्यूल किया जा रहा है। बात रही बिलासपुर मंडल की तो यहां की लोकल ट्रेनें कभी कभार को छोड़ कर बाकी दिनों में सही समय पर चल रही हैं।

**अंबिकेश साहू, एपीआरओ, एसईसीआर**

## 23 से 27 अक्टूबर तक लेट से चलने वाली गाड़ियां, बिलासपुर-रायगढ़ (डाउन)

**टिटलागढ़ पैसेंजर के रायगढ़ पहुंचने का समय**

| समय | पहुंची | लेट |
|---|---|---|
| 9.30 एएम | 10.40 | 1 घंटा 10 मिनट |
| 9.30 एएम | 10.47 | 1 घंटा 20 मिनट |
| 9.30 एएम | 10.30 | 1 घंटा |
| 9.30 एएम | 11.07 | डेढ़ घंटा |
| 9.30 एएम | 10.33 | 1 घंटा |

**कलिंग उत्कल एक्सप्रेस के रायगढ़ पहुंचने का समय**

| समय | पहुंची | लेट |
|---|---|---|
| 11.30 एएम | 12.30 | 1 घंटा |
| 11.30 एएम | 2.36 | 3 घंटा |
| 11.30 एएम | 12.30 | 1 घंटा |
| 11.30 एएम | 12.30 | 1 घंटा |
| 11.30 एएम | 1.44 | 2 घंटा 15 मिनट |

**बिलासपुर-रायगढ़ मेमू के रायगढ़ पहुंचने का समय**

| समय | पहुंची | लेट |
|---|---|---|
| 1 पीएम | 2.30 | डेढ़ घंटा |
| 1 पीएम | 2.51 | 2 घंटा |
| 1 पीएम | 3.00 | 2 घंटा |
| 1 पीएम | 3.42 | 3 घंटा |
| 1 पीएम | 2.55 | 2 घंटा |

**आजादहिंद के रायगढ़ आने का समय**

| समय | पहुंची | लेट |
|---|---|---|
| 6.20 पीएम | 12.40 एएम | सवा 6 घंटा |
| 6.20 पीएम | 4.10 एएम | 10 घंटा |
| 6.20 पीएम | 7.15 पीएम | 1 घंटा |
| 6.20 पीएम | 2.30 एएम | 8 घंटा |
| 6.20 पीएम | 12.17 एएम | 6 घंटा |

**अहमदाबाद एक्सप्रेस के रायगढ़ आने का समय**

| समय | पहुंची | लेट |
|---|---|---|
| 8.30 एएम | 11.30 | 3 घंटा |
| 8.30 एएम | 11.30 | 3 घंटा |
| 8.30 एएम | 10.30 | 2 घंटा |
| 8.30 एएम | 11.00 | ढाई घंटा |
| 8.30 एएम | 11.00 | ढाई घंटा |

## झारसुगुड़ा-रायगढ़ (डाउन)

**कलिंग उत्कल एक्सप्रेस के रायगढ़ पहुंचने का समय**

| समय | पहुंची | लेट |
|---|---|---|
| समय | पहुंची | लेट |
| 12 पीएम | 2.56 | 3 घंटा |
| 12 पीएम | 2.30 | ढाई घंटा |
| 12 पीएम | 1.30 | डेढ़ घंटा |
| 12 पीएम | 1.36 | डेढ़ घंटा |

**साउथ बिहार एक्सप्रेस के रायगढ़ आने का समय**

| समय | पहुंची | लेट |
|---|---|---|
| 2.15 पीएम | 7.15 | 5 घंटा |
| 2.15 पीएम | 5.00 | 3 घंटा |
| 2.15 पीएम | 6.00 | 4 घंटा |
| 2.15 पीएम | 5.00 | 3 घंटा |

**आजादहिंद एक्सप्रेस के रायगढ़ आने का समय**

| समय | पहुंची | लेट |
|---|---|---|
| 7 एएम | 11 एएम | 4 घंटा |
| 7 एएम | 1.34 पीएम | साढ़े 6 घंटा |
| 7 एएम | 1 पीएम | 6 घंटा |
| 7 एएम | 4.37 पीएम | साढ़े 9 घंटा |
| 7 एएम | 10 एएम | 3 घंटा |

## गृहमंत्री से मिले भाजपा मोर्चा के कार्यकर्ता

**कोसीर।** कोसीर के युवा भाजपा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने विगत दिवस राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा से मिले। वहीं गृह मंत्री से मिलकर क्षेत्र की विकास के लिए विभिन्न मुद्दे पर मांग की।

विदित हो कि कोसीर युवा भाजपा मोर्चा कोसीर लगातार अपने क्षेत्र के विकास के सतत प्रयास कर रहा। इसके कूछ दिन पहले माननीय मुख्यमंत्री से मिलकर कोसीर मे महाविद्यालय व कोसीर को नगर पंचायत बनाने की मांग की गई थी। जिस पर मूख्य मंत्री ने आश्वासन दिया था और अब युवा मोर्चा ने राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा से मिलकर क्षेत्र की विकास के लिए कई मांग किया है। कोसीर क्षेत्र में हो रहे धर्म परिवर्तन पर पाबंदी लगाने की मांग की गई है। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा विशाल सोनी अभिषेक पटेल बाबूलाल लहरे एवं साथी उपस्थित रहे।




■ विकास कार्यो व धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने की मांग

## नाला सफाई और बंधान में अनियमितता राशि आहरण को लेकर उठे सवाल

**बिलाईगढ़।** नगर पंचायत बिलाईगढ़ क्षेत्र में साल 2024-25 के दौरान नाला सफाई एवं नाला बंधान कार्यों में गंभीर अनियमितता का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 10 से 11 माह पूर्व बांग्लाभाठा पुलिया से लेकर शिव मंदिर क्रेशर तक नाला सफाई बंधान एवं गहरीकरण का कार्य कराया गया था।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार उक्त कार्यों में भारी भ्रष्टाचार की संभावना जताई जा रही है। इसी संदेह के चलते सूचना के अधिकार अधिनियम तहत 2024-25 के दौरान नगर के उक्त नाले की सफाई एवं बंधान कार्य से संबंधित दस्तावेज जैसे पीआईसी परिषद में पारित प्रस्ताव, भुगतान की मद बिल वाउचर की सत्यापित प्रतियां मांगी थी। इसके साथ ही आवेदक ने वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में अध्यक्ष एवं सभी पार्षदों की निधि से किए गए कार्यों की वार्डवार जानकारी और सभी दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां भी मांगीं। किन्तु जन सूचना अधिकारी, प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिलाईगढ़ द्वारा निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी किसी भी प्रकार की सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। सूचना न देने की यह स्थिति स्वयं में प्रश्न खड़े करती है कि आखिर नगर पंचायत प्रशासन इन कार्यों की जानकारी सार्वजनिक करने से क्यों बच रहा है।



**नाला सफाई का दिखावा**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नाले की सफाई व बंधान कार्य केवल एक दिखावा मात्र रहा। जमीन पर नाला न तो गहरा किया गया है और न ही नियमित सफाई होती है। लोगों नें नगर पंचायत के कार्यों की जांच की मांग की है।

## मां-बेटी को बंधक बनाकर नकद और जेवर की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

सुंदरगढ़ जिले के बनाई थाना क्षेत्र में रविवार देर रात हथियारबंद नकाबपोश डकैतों ने एक व्यवसायी के घर में घुसकर बंदूक की नोक पर सशस्त्र डकैती की घटना को अंजाम दिया।

■ नकाबपोशों की सशस्त्र डकैती से क्षेत्र में दहशत, बनाई क्षेत्र का मामला

डकैतों ने घर में मौजूद मां और बेटी के हाथ.पांव बांध कर करीब 20 लाख रुपये नकद और लगभग एक करोड़ रुपये मूल्य के सोने के आभूषण लूट लिए। घटना अश्विनी इलेक्ट्रिकल दुकान के मालिक के घर की बताई जा रही है। रात करीब साढ़े 12 बजे पांच नकाबपोश डकैत हथियारों से लैस होकर घर में घुसे। उन्होंने पहले दुकान के कर्मचारी को बंदूक दिखाकर दरवाजा खुलवाया और फिर ऊपर के माले में जाकर गृहस्वामिनी और उनकी बेटी को बंधक बना लिया। करीब तीन घंटे तक डकैत घर में लूटपाट मचाते रहे और धमकियां देते हुए फरार हो गए। बताया जा रहा है कि सभी डकैत हिंदी में बात कर रहे थे। घटना की सूचना पर बनाई थाना पुलिस ने मौके पर पहुचकर जांच शुरू कर दी है। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे क्षेत्र में दहशत और भय का माहौल व्याप्त है।

## अनाथ बच्चों को यादव समाज ने किया मदद

**बिलाईगढ़।** ब्लॉंक मुख्यालय बिलाईगढ़ के ग्राम पंचायत पुरगॉव वार्ड 19 के यादव परिवार के पांच मासूम बच्चों के ऊपर से तीन चार माह पूर्व माता पिता का साया उठ गया था। जिससे पांच मासूम बच्चे अनाथ हो गए। इनकी देख रेख दादी जो खुद बेवा है जिनकी उम्र लगभग 65 वर्ष के आस पास है वह कर रही है। जानकारी हुई कि महतारी वंदन के तहत मिलने वाली एक हजार और खुद के नाम से राशन कार्ड और बच्चो के नाम राशन कार्ड से मिलने वाली राशन से पालन पोषण कर रही है। जैसे ही किसी माध्यम से यह जानकारी झेरिया यादव समाज के प्रदेश संगठन मंत्री चंदराम यादव और बलौदा परिक्षेत्र के अध्यक्ष संतोष यादव एवं परिक्षेत्र के महामंत्री रामदयाल यादव को मिली तो तत्वरित रूप से आज दिपावली पर्व पर बच्चे अन्य बच्चो को देखकर दुःखी न हो इसलिए प्रदेश एवं परिक्षेत्र पदाधिकारी द्वारा उनके निज निवास पुरगॉव में जाकर दिपावली में बच्चो की खुशीके लिए 2500 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की गई। जिससे बच्चो के चेहरे पर मुस्कान आई। बच्चे और दादी के द्वारा धन्यवाद दिया कि यादव समाज के पदाधिकारी हमारे घर आज के दिन समय निकाल कर हमारे घर तक पहुंचे।



## बेलडीह ट्रांसपोर्ट नगर ट्रक मालिकों का दर्द असहनीय

**राउरकेला।** राउरकेला की सड़कें ट्रकों के जाल में फंसीं बिना ट्रांसपोर्ट नगर के ट्रक मालिक ड्राइवर और ट्रांसपोर्टरस रोजाना जाम, बेतरतीब पार्किंग से चालान को आमंत्रण देते है। दुर्घटनाओं और नुकसान की चक्की में लगातार पिस रहे हैं।

सुबह 8 से शाम 10 तक भारी वाहन प्रतिबंधित, लेकिन पार्किंग न मिलने से घंटों भटकना, बाजारों में अवरोध, प्रदूषण और 150 हादसे 2024 आंकड़ा वेदव्यास व नजदीकी क्षेत्रों के लिए जीवन सजा में परिणत हो गया है। ट्रक मालिक रमाशंकर प्रसाद लाखों में सालाना घाटा, डिलीवरी लेट परिवार परिवार पीड़ति अलग ड्राइवर दिलेश सड़क, किनारे, थकान से मौत का खतरा ट्रांसपोर्टर नंद किशोर सिंह खराब सड़कें, लूट का डर तेल बैटरीयां चोरी।

व्यवसायी अमजद मरम्मत ठप, व्यापार ना के बराबर भविष्य अंधकार। बेलडीह परियोजना 11.92 एकड़, 300 करोड़ 2019 से लटकी 2021 अलॉट, 2023 घोषणा, लेकिन 2025 तक सन्नाटा पसरा। फंडिंग रुकी, क्रियान्वयन स्थिर।

राउरकेला गुड्स ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ राजकुमार यादव ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए बेलडीह ट्रांसपोर्ट नगर को तत्काल चालू कराए जाने हेतु प्रशासन द्वारा जरूरी कदम उठाए जाने पर जोर दिया। जरुरी अनापत्ती पत्र जारी करने फंडिंग सुनिश्चित पुलिस सुरक्षा माहिया कराए जाने वह कम से कम 500 गाड़ियों की पार्किंग रेस्ट हाउस व्यवस्था करने की बात की जिससे जाम से 50 प्रतिशत तक छुटकारा मिल सके व हजारों की संख्या में स्थानीय युवकों के लिए रोजगार उत्पन्न किए जा सकें। एक अदद पार्किंग का अस्तित्व में न होना राउरकेला के परिवहन व्यवस्था के लिए सिर दर्द बना हुआ है।

### ओपी बोले- कांग्रेस की 5 साल की सत्ता ने रायगढ़ को विकास के मामले में 25 साल पीछे धकेला

## आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए भाजपा जरूरी: चौधरी

**रायगढ़।** सीमा पार सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा के लिए देश में भाजपा की सरकार होना आवश्यक है। स्वदेशी को अपनाए जाने के लिए एक सौ चालीस करोड़ देश वासियों का साथ जरूरी है। रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य आयात पर निर्भरता कम करके घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना है। इसके तहत, सरकार ने स्वदेशी हथियारों के निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए निर्यात पर ध्यान केंद्रित किया है और कई आयातित वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाया है। उक्त बातें रायगढ़ विधायक एवं प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने पुसौर में आयोजित विधानसभा सम्मेलन में कही।

श्री चौधरी ने आगे कहा कि आत्मनिर्भरता की राह में चलते हुए आत्मनिर्भर भारत अभियान 2020 पहल का उद्देश्य भारत को विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाना है। इसके तहत, आर्थिक सुधारों और वित्तीय सहायता के माध्यम से उद्योगों को बढ़ावा दिया गया है। मेक इन इंडिया और विनिर्माण को बढ़ावा देते हुए इस अभियान के तहत, भारत सरकार घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा दे रही है ताकि आयात पर निर्भरता कम हो और निर्यात बढ़े। कृषि और ग्रामीण विकास के मद्देनजर किसानों को बेहतर बीज, उन्नत तकनीक और उचित मूल्य प्रदान करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। रायगढ़ में कांग्रेस के पांच सालों की सरकार ने रायगढ़ को विकास के मामले में 25 साल पीछे धकेल दिया । पांच सालो में कांग्रेस विकास के पांच बड़े काम नहीं गिना सकती वही भाजपा ने दो सालों में ही बेहिसाब विकास कार्य किए है। विकास भाजपा की पहली प्राथमिकता है आम जनता ने जिस विश्वास के साथ हमें कमान सौंपी है उसे हम कायम रखेंगे। जनता को जनार्दन बताते हुए कहा आम जनता का काम करने के लिए हमे नामदारो रसूखदारों की गाली भी हंसते हुए स्वीकार है। विधान सभा सम्मलेन के दौरान मंचस्थ अतिथियों में वित्तमंत्री ओपी चौधरी,राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप, जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान, महापौर जीवर्धन चौहान, जिला महामंत्री द्वय विकास केड़िया, जतिन साव, नगर पंचायत अध्यक्ष मानी सतपती प्रदेश कार्यकारणी सदस्य गुरूपाल भल्ला, विवेक रंजन सिन्हा, ब्रजेश गुप्ता,श्रीकांत सोमवार, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश पंडा, विनायक पटनायक, बिलिस गुप्ता, अरुण कातोरे, कोषाध्यक्ष सनत नायक, जनपद अध्यक्ष हेमलता चौहान, सुजाता चौहान, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी जीवन पटेल, भाग्यवती दोलनारायन, सभापति डिग्री साहू मंत्री पावन अग्रवाल, गायत्री केसरवानी, सह प्रवक्ता अशोक अग्रवाल, पप्पू सरदार, सुरेश गोयल, अंशु टुटेजा, मण्डल अध्यक्ष संजय अग्रवाल, जैमिनी गुप्ता, संदीप पंडा, रत्थु गुप्ता, बलवीर शर्मा, मिनकेतन प्रधान आदि उपस्थित रहे।



